# कोरोनावायरस के लिये एंटी-HIV दवाएँ

drishtiias.com/hindi/printpdf/dcgi-approves-restricted-use-of-anti-hiv-drugs-for-novel-coronavirus

### प्रीलिम्स के लिये:

कोरोनावायरस

### मेन्स के लिये:

कोरोनावायरस से बचाव हेतु सरकार द्वारा किये गए प्रयास

## चर्चा में क्यों?

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (Indian Council of Medical Research-ICMR) ने दो दवाओं के उपयोग के लिये ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (Drug Controller General of India-DCGI) से आपातकालीन स्वीकृति मांगी थी।

इस संदर्भ में DCGI ने नोवल कोरोनावायरस के उपचार के लिये HIV इन्फेक्शन के नियंत्रण हेतु इस्तेमाल होने वाली दवाओं के संयोजन के "प्रतिबंधित उपयोग" को मंज़ूरी दी है।

## प्रमुख बिंदु

- इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (Indian Council of Medical Research-ICMR) ने साँस की बीमारी के इलाज के लिये इस्तेमाल होने वाली दो दवाओं- लोपिन्विर (Lopinavir) और रितोंविर (Ritonavir) के संयोजन के "प्रतिबंधित उपयोग" के लिये DCGI से आपातकालीन स्वीकृति मांगी थी।
- अन्य दवाओं के साथ इस संयोजन का उपयोग चीन में क्लिनिकल परीक्षण में किया गया है, जहाँ पहली बार कोरोनावायरस का मामला सामने आया था।
- हालाँकि यह बात ध्यान देने योग्य है कि किसी भी मरीज़ पर दवाओं के इस संयोजन के उपयोग से पहले डॉक्टर को रोगी से एक सूचित सहमति लेनी होगी।

## एक उच्च स्तरीय बैठक

- हाल ही में प्रधानमंत्री के आदेश पर मंत्रिमंडल सचिव ने नोवल कोरोनावायरस (Novel Coronavirus-nCoV) के प्रबंधन और राज्यों की तैयारियों के संबंध में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के लिये उच्च स्तरीय बैठक की।
- 2019-nCoV से जुड़े परिदृश्य को देखते हुए निम्नलिखित संशोधित यात्रा परामर्श जारी किये गए हैं:
    - चीन से आने वाले किसी भी विदेशी नागरिक के लिये वर्तमान वीज़ा (पहले से जारी ई-वीज़ा सहित) वैध नहीं माना जाएगा।
    - लोगों को सलाह दी जा चुकी है कि पूर्व के परामर्श के मुताबिक वे चीन की यात्रा पर जाने से बचें। चीन जाने वाले लोगों को वापस आने पर क्वारेनटाइन में रखा जाएगा।
    - अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाहों और सीमाओं पर सभी यात्रियों का व्यक्तिगत परीक्षण किया जा रहा है।

## स्रोत: द हिंदू